संपादकीय

# जेएमएम के ठेंगे पर कांग्रेस

झारखंड में कांग्रेस पार्टी के समर्थन से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चल रही है। कांग्रेस के 18 विधायकों के समर्थन से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने हैं। लेकिन हेमंत कांग्रेस पार्टी को दो कौड़ी का भाव देते हैं। वे किसी भी मसले पर कांग्रेस की परवाह नहीं करते हैं और इसके बावजूद कांग्रेस कुछ नहीं कर पाती है। हाल के दो मामलों में जेएमएम ने कांग्रेस को ठेंगा दिखाया। राज्यसभा चुनाव में इस बार एक सीट पर कांग्रेस की दावेदारी थी। पिछली बार शिबू सोरेन राज्यसभा गए थे तो इस बार कांग्रेस को सीट मिलनी थी। तभी खुद सोनिया गांधी ने बुला कर हेमंत सोरेन से बात की लेकिन हेमंत ने इस बार भी अपना उम्मीदवार उतारा और महुआ माझी को राज्यसभा भेज दिया।

दूसरा मामला राष्ट्रपति चुनाव का है। कांग्रेस और समूचे विपक्ष ने झारखंड के ही नेता यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाया लेकिन हेमंत ने उनका समर्थन करने की बजाय दिल्ली आकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर दिया। यह फालतू का तर्क है कि द्रौपदी मुर्मू आदिवासी हैं इसलिए हेमंत ने उनका साथ दिया। इससे पहले 2012 में भी आदिवासी नेता पीए संगमा चुनाव लड़े थे और उस समय हेमंत एनडीए में भी थे लेकिन उन्होंने संगमा की बजाय यूपीए के उम्मीदवार प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था।

सो, राज्यसभा और राष्ट्रपति चुनाव में जेएमएम ने कांग्रेस को ठेंगा दिखाया। राज्यसभा चुनाव में तो पार्टी की सर्वोच्च नेता का अपमान किया। इसके बावजूद कांग्रेस की मजबूरी है जेएमएम के साथ रहने की। अगर कांग्रेस समर्थन वापस करे तो सरकार गिर जाएगी। लेकिन तब राष्ट्रपति शासन लगेगा या तोड़-फोड़ करके भाजपा सरकार बनाएगी। दोनों ही स्थितियों में कांग्रेस के प्रति सभी विपक्षी पार्टियों में गलत धारणा बनेगी। कांग्रेस की दूसरी मजबूरी यह है कि उसकी पार्टी के कई विधायक कांग्रेस की बजाय जेएमएम के करीब हैं और कहा जा रहा है कि अगली बार जेएमएम की टिकट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस उन पर ज्यादा दबाव भी नहीं डाल सकती है।

# बीसीसीआई संविधान संशोधन मामले में 28 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 28 जुलाई को बीसीसीआई के संविधान में संशोधन की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। मांगे गए संशोधन की अनुमति मिलने पर बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली, बोर्ड सचिव जय शाह और अन्य पदाधिकारी 2025 तक सत्ता में बने रह सकते हैं।



भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना की अगुवाई वाली तीन जजों की पीठ ने वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह को इस मामले में नया न्यायमित्र नियुक्त किया है।

मनिंदर सिंह ने पीएस नरसिम्हा द्वारा पिछले साल खाली किए गए न्यायमित्र का पद संभाला, जिन्हें 2021 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत दिया गया था। बीसीसीआई के नए संविधान को अंतिम रूप देने और बोर्ड चुनावों की सुविधा के लिए प्रशासकों की समिति (सीओए) की मदद करने के लिए अदालत ने 2019 में न्यायमूर्ति नरसिम्हा को न्याय मित्र नियुक्त किया था, जिन्होंने अंतत: 23 अक्टूबर 2019 को पदभार संभाला था। उन्होंने अदालत द्वारा नियुक्त सीओए द्वारा 30 महीने की निगरानी समाप्त कर दी गई, जिसने आरएम लोढ़ा समिति की सिफ़ारिशों का उपयोग करते हुए बीसीसीआई के नए संविधान का ड्राफ़्ट तैयार किया था, जिसे जुलाई 2016 में एक ऐतिहासिक फ़ैसले में अदालत द्वारा अनिवार्य किया गया था।

फिर अगस्त 2018 में न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने बीसीसीआई के नए संविधान को मंज़ूरी देते हुए एक निर्णय पारित किया। हालांकि पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के नेतृत्व में वर्तमान बीसीसीआई प्रशासन ने बोर्ड के संविधान में संशोधन की मांग करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की, जिसे अगर मंज़ूरी मिल जाती है, तो लोढ़ा समिति द्वारा किए गए महत्वपूर्ण सुधारों को वापस ले लिया जाएगा।

बीसीसीआई ने अप्रैल 2020 में एक दूसरा एप्लिकेशन दायर किया जहां उसने तर्क दिया कि अनिवार्य कूलिंग ऑफ़ पीरियड (तीन वर्ष) जिसे एक पदाधिकारी को लगातार दो कार्यकाल (छह वर्ष) पूरा करने पर सामना करना पड़ता है, इसकी समीक्षा करने की आवश्यकता है।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने लोढ़ा समिति की सिफ़ारिश के आधार को बरक़रार रखते हुए अपने 2018 के फ़ैसले में कूलिंग ऑफ़ पीरियड क्लॉज़ (तीन साल से छह साल) को पहले ही बदल दिया था। उनके फ़ैसले ने एक पदाधिकारी को नौ साल (छह साल के बाद अनिवार्य कूलिंग ऑफ़ पीरियड) के अधिकतम कार्यकाल को बरक़रार रखते हुए राज्य संघ या बोर्ड या दोनों के संयोजन में अलग-अलग लगातार दो कार्यकाल (छह वर्ष) की सेवा करने की अनुमति दी।

इसके बजाय बीसीसीआई चाहता है कि इस विनिर्देश को बदल दिया जाए ताकि एक पदाधिकारी को एक बार में छह साल की सेवा (या तो बीसीसीआई या राज्य संघ) की अनुमति दी जा सके, बजाय इसके कि राज्य और बीसीसीआई स्तर पर भूमिकाओं का संयोजन भी शामिल हो।

# भारतीय टीम के कैरेबियन सफ़र में ख़र्च हुए 3.5 करोड़ रुपये

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** इंग्लैंड में एक सफ़ल सीमित ओवर दौरे के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम कैरेबियन रवाना हुई है जिसके लिये बीसीसीआई ने 3.5 करोड़ रुपये ख़र्च किये हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय मैच 17 जुलाई को समाप्त हुआ।आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान आराम करने वाले खिलाड़ी अपने-अपने रास्ते चले गये, लेकिन जिन खिलाड़ियों को वेस्ट इंडीज की यात्रा करनी थी वे एक चार्टर्ड उड़ान के ज़रिये वेस्ट इंडीज़ के लिये रवाना हुए। बीसीसीआई ने भारतीय टीम की मैनचेस्टर से पोर्ट ऑफ स्पेन की उड़ान पर 3.5 करोड़ रुपये ख़र्च किये हैं।

टीम 22 जुलाई से कैरेबियन में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी, जिसके बाद 29 जुलाई से पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या टी20 श्रृंखला के लिए टीम में वापसी करेंगे, जबकि विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और युज़वेंद्र चहल को पूरे दौरे के लिये आराम दिया गया है।

बीसीसीआई ने चार्टर्ड फ्लाइट पर 3.5 करोड़ रुपये खर्च किए, जो भारतीय टीम को मंगलवार दोपहर मैनचेस्टर से पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी) ले गई। टीम के लिए चार्टर्ड फ्लाइट बुक करने का कारण कोविड नहीं था। एक वाणिज्यिक उड़ान पर इतने सारे टिकट बुक करना मुश्किल है और भारतीय दल में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ सहित 16 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल हैं। कुछ खिलाड़ियों की पत्नियों ने भी कैरेबियन की यात्रा की है। सूत्र ने कहा कि यह एक वाणिज्यिक विमान के बजाय एक चार्टर्ड उड़ान बुक करना तर्कसंगत था क्योंकि दुनिया के शीर्ष फुटबॉल क्लबों में भी यह चलन आम है। सूत्र ने कहा, आम तौर पर एक व्यावसायिक उड़ान में लगभग दो करोड़ रुपये खर्च होते। मैनचेस्टर से पोर्ट ऑफ स्पेन के लिए एक बिजनेस क्लास का टिकट लगभग दो लाख रुपये होगा। एक चार्टर्ड उड़ान अधिक महंगी है, लेकिन यह एक तार्किक विकल्प है। अधिकांश शीर्ष फुटबॉल टीमों के पास अब एक चार्टर प्लेन है।

# अब हवाई सफर होगा और भी सस्ता! यात्रियों के लिए केंद्रीय मंत्री ने किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली ।** अगर आप अक्सर हवाई सफर करते हैं तो खबर सिर्फ आपके लिए है। अब एविएशन मंत्रालय ने यात्रियों के लिए ऐसा ऐलान किया है, जिसे सुनकर आप खुश हो जायेंगे। दरअसल, आज उड्डयन मंत्रालय ने हवाई यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए बोर्डिंग पास जारी करने के लिए अतिरिक्त वसूली जाने वाली राशि पको बंद करने का आदेश दिया है। उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइंस को सलाह दी है कि वे हवाई अड्डे के चेक- इन काउंटर्स पर बोर्डिंग पास जारी करने के लिए कोई अतिरिक्त पैसा ना लें। जानकारी के लिए आपको बता दें कि मंत्रालय ने साफ कहा है कि यह अतिरिक्त राशि विमान नियम, 1937 के नियम 135 के तहत दिए गए निर्देशों के अनुसार नहीं है और इसे 'टैरिफ' के भीतर नहीं माना जा सकता है। ऐसे में यात्रियों के एक्स्ट्रा पैसा वसूल नहीं किया जा सकता है। दरअसल, एयरलाइन्स कंपनियां ईंधन की कीमत में वृद्धि का बोझ ग्राहकों पर डालती हैं और उनसे ज्यादा चार्ज वसूलती है. आपको बता दें कि एयरलाइन कंपनी की परिचालन लागत में एटीएफ का 40 फीसदी हिस्सा होता है।

# राकेश झुनझुनवाला, विजय केडिया समेत 6 दिग्गज निवेशकों ने इन शेयरों पर लगाया बड़ा दांव

**नई दिल्ली ।** अगर आप शेयर बाजार में दिग्गज निवेशकों के पोर्टफोलियो के मुताबिक दांव लगाना पसंद करते हैं तो आपके लिए यह काम की खबर हो सकती है। दरअसल, जून तिमाही में बाजार के अनुभवी इच्टिी निवेशकों ने अपने पोर्टफोलियो में बड़ा बदलाव किया है। कुछ शेयरों में हिस्सेदारी बढ़ाई है तो कुछ में घटाई है। चलिए जानते हैं जून तिमाही में राकेश झुनझुनवाला, डॉली खन्ना, आशीष कचोलिया, विजय केडिया समेत अन्य दिग्गज निवेशकों ने किस शेयर पर दांव खेला है तो किसे अपने पोर्टफोलियो से बाहर किया है—-




शुरुआती शेयरधारिता के आंकड़ों से पता चलता है कि दिग्गज इच्टिी निवेशक राकेश झुनझुनवाला ने 30 जून तक एस्कॉर्ट्स कुबोटा में लगभग 1.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ाई है। दरअसल, इसस पहले 31 मार्च, 2022 को कंपनी के प्रमुख शेयरधारकों में उनका नाम नहीं था। हालांकि, इससे पहले 31 दिसंबर तक कंपनी के शेयर में उनकी 5.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। दूसरी ओर राकेश झुनझुनवाला ने टाटा मोटर्स, ऑटोलाइन इंडस्ट्रीज और समेत अन्य में अपनी हिस्सेदारी घटाई है।

चेन्नई की निवेशक डॉली खन्ना ने जून तिमाही में चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, नेशनल ऑक्सीजन और मोंटे कार्लो फैशन जैसे शेयरों पर दांव खेला है और अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। खन्ना ने पॉंडी ऑक्साइड्स एंड केमिकल्स (3.6 फीसदी से 3.9 फीसदी तक), टिन्ना रबर इंफ्रास्ट्रक्चर (1.6 फीसदी से 1.8 फीसदी) और अजंता सोया (1.5 फीसदी से 1.5 फीसदी तक) जैसी कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाई है।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा, 88.39 मीटर दूर फेंका भाला

**यूजीन ।** टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर कमाल किया है। नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में अपने पहले थ्रो में 88.39 मीटर की दूसरी तय कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।




रविवार को वह पदक के लिए भारतीय समयानुसार 7 बजकर 05 मिनट पर मैदान पर उतरेंगे। फाइनल के लिए ऑटोमेटिक चलीफाई करने के लिए खिलाड़ी को कम से कम 83.50 मीटर की दूरी तय करनी थी और नीरज ने इससे कई ज्यादा दूर तर कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। नीरज चोपड़ा का थ्रो ग्रुप ए में शामिल अन्य प्रतियोगियों से बेस्ट था। उनसे ज्यादा दूरी कोई खिलाड़ी तय नहीं कर पाया।

रविवार को भारत के इस गोल्डन ब्वॉय की निगाहें अपने पहले सीनियर विश्व चैंपियनशिप पदक पर होगी। नीरज चोपड़ा के अलावा चेक गणराज्य के ओलंपिक रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज भी 85.23 मीटर के अपने पहले प्रयास के थ्रो के साथ फाइनल में डायरेक्ट पहुंच गए हैं। इन दोनों के अलावा कोई भी खिलाड़ी 83.50 मीटर के मार्क को पार नहीं कर पाया।

अगर ओरेगॉन में नीरज चोपड़ा जीतते हैं तो वह 2008-09 में नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन के बाद ओलंपिक और विश्व खिताब जीतने वाले पहले पुरुष भाला फेंकने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

वहीं अगर नीरज रविवार को मेडल जीतने में कामयाब रहते हैं तो वह 19 साल का मेडल का सूखा खत्म कर देंगे। भारत को आखिरी बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 2003 में अंजू बॉबी जॉर्ज ने लंबी कूद में मेडल जिताया था। अंजू बॉबी जॉर्ज ने तब ब्रोन्ज मेडल पर कब्जा जमाया था।

पिछले महीने अपना 2022 सीजन शुरू करने वाले नीरज तीन टूर्नामेंट में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। उन्होंने इस सीजन की शुरुआत फिनलैंड के पावो नुर्मी खेलों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए सिल्वर मेडल जीतकर की थी।

# आईटीआर फाइल करने की लास्ट डेट बस 10 दिन दूर, आयकर पोर्टल में फिर आने लगी सुस्ती

**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख बस 10 दिन दूर है, लेकिन अभी भी टैक्स रिटर्न दाखिल करने से जुड़े प्रोफेशनल चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका दावा है कि वेबसाइट दिन में कुछ बार तो ठीक चलती है, लेकिन कई मौकों पर काफी सुस्त हो जाती है। हालांकि आखिरी तारीख नजदीक आते देख रिटर्न फाइल करने वालों की तादाद भी तेज हो रही है।




अब तक 2.25 करोड़ के करीब लोग रिटर्न दाखिल कर चुके हैं। मामले से जुड़े अधिकारी के मुताबिक टैक्स विभाग के अधिकारी पोर्टल की देख-रेख करने वाली कंपनी इंफोसिस के साथ लगातार संपर्क में है।

टैक्स मामलों के विशेषज्ञ योगेंद्र कपूर ने बताया कि कुछ जगहों पर तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में आंकड़ों की एंट्री और फॉर्म को सत्यापित करने जैसी चीजें या तो आंशिक रूप से चल रही हैं या फिर बिल्कुल भी नहीं काम कर रही हैं।

इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि लोगों के रिटर्न फाइलिंग में इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की वजह चुनने में, ओटीपी आने और ई-वेरिफिकेशन, करदाता की जानकारी रिपोर्ट जनरेट करने में मुश्किल आ रही है। साथ ही वेबसाइट के खुलने में देरी और इसके कई वेबपेजों के सुस्ती के साथ खुलने की भी शिकायतें हैं।

सूत्रों का ये भी कहना है कि आयकर विभाग के पास रिटर्न की अंतिम तारीख बढ़ाने से जुड़े प्रस्ताव आ रहे हैं लेकिन आयकर विभाग अभी तारीख बढ़ाने के मूड में नहीं है। विभाग का फोकस फिलहाल पोर्टल पर आ रही समस्याओं को दूर करने पर है।

# प्रदर्शन से पूर्व रक्षाबंधन ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड, बनी पहली भारतीय फिल्म

अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'रक्षा बंधन' प्रदर्शन के बाद बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखाएगी यह तो अभी कहा नहीं जा सकता है लेकिन इस फिल्म ने प्रदर्शन से पूर्व जरूर एक ऐसी उपलब्धि हासिल कर ली है, जिसके चलते वह पहली भारतीय फिल्म बन गई है। फिल्म के निर्माता आनन्द एल राय ने सिनेवर्ल्ड फेलथम में फिल्म के गीत 'डन कर दो' को रिलीज किया है। यह गाना यूके में लॉन्च किया गया। जिसके चलते 'रक्षा बंधन' पहली ऐसी भारतीय फिल्म बन गई है, जिसका गाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया। गाने के लॉन्च के दौरान खुद अक्षय और भूमि दोनों यूके में मौजूद थे।



'रक्षा बंधन' के पहले सॉन्ग 'तेरे साथ हूं मैं' से ऑडियंस का दिल जीतने के बाद 'डन कर दो' भी लोगों के दिलों पर राज करने वाला है। गाने के बारे में बोलते हुए, आनंद एल राय ने कहा, 'डन कर दो' सॉन्ग फिल्म को एक हल्के नोट की ओर खींचता है। यह मासूमियत और जोश को बरकरार रखते हुए फिल्म के विषयों को सामने लाता है। फिल्म खुद प्यार, आराम, निराशा आदि के नोट्स के माध्यम से चलती है और 'डन कर दो' सॉन्ग इसमें खूबसूरती से फिट बैठता है।

वहीं, स्वयं पर फिल्माये गए इस गीत के बारे में अक्षय कुमार ने कहा, डन कर दो उन सॉन्गस में से एक है जिसे आप हर समय गुनगुना सकते हैं।

# विजय देवरकोंडा की फिल्म लाइगर का ट्रेलर रिलीज

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म लाइगर के ट्रेलर का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर को रिलीज कर दिया। लाइगर में विजय देवरकोंडा एक पेशेवर एमएमए फाइटर के रूप में नजर आ रहे हैं। एक्शन से लेकर रोमांस, दमदार म्यूजिक और जबरदस्त डायलॉग आपका दिल छू लेंगी।



ट्रेलर की अवधि 2 मिनट और 2 सेकेंड की है। ट्रेलर की शुरूआत रिंग में विजय देवरकोंडा की एंट्री से होती है। इस दौरान बैकग्राउंड में उनकी मां का रोल निभा रही राम्या कृष्णन बताती है कि उसने अपने बेटे का नाम लाइगर क्यों रखा है। वह क हती है, एक लायन और टाइगर की औलाद है ये। क्रॉसब्रीड है मेरा बेटा।

फिल्म में विजय का लुक काफी शानदार है। परफेक्ट एब्स और लंबे बालों के साथ विजय काफी हैंडसम लग रहे हैं।

# आज का राशिफल

***मेष:*** किसी सज्जन पुरुष की दैवीय बातें आपको संतोष और ढांढस बंधाएंगी। जो लोग अब तक पैसे को बेवजह खर्च कर रहे थे आज उन्हें समझ आ सकता है कि पैसे की जीवन में क्या अहमियत है।

***वृष:*** ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें और सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। आकस्मिक मुनाफे या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। शाम का ज़्यादातर समय मेहमानों के साथ गुज़रेगा।

***मिथुन:*** आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। आज के दिन अपने प्रिय से कोई तल्ख बात न कहें। हाल में विकसित किए गए व्यावसायिक संबंध आगे चलकर बहुत फ़ायदा देंगे।

***कर्क:*** पिता आपको जायदाद से बेदख़ल कर सकते हैं। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों को तरजीह दें। सामाजिक और धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है।

***सिंह:*** दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे और आज इसके चलते आपको कुछ वित्तीय लाभ मिल सकता है। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे।

***कन्या:*** बेकार के ख़यालों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें, बल्कि इसे सही दिशा में लगाएं। अपने साथी के साथ बाहर जाते वक्त ठीक तरह से व्यवहार करें। मानसिक स्पष्टता आपको व्यवसाय में प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त दिलाएगी।

***तुला:*** रचनात्मक काम आपको सकून देगा। जेवर और एंटीक में निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आपका गर्मजोशी भरा बर्ताव घर का माहौल ख़ुशनुमा कर देगा। आज आप ऐसे इनसान से मिल सकते हैं, जो आपको ख़ुद अपनी ज़िंदगी से ज़्यादा चाहता होगा।

***वृश्चिक:*** शारीरिक व्यायाम और वज़न घटाने की कोशिशें आपके रूप-रंग को निखारने में फ़ायदेमंद साबित होंगी। आपको कमीशन, लाभांश या रोयल्टी के ज़रिए फायदा होगा।

***धनु:*** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं।

***मकर:*** काम का दबाव और घरेलू मतभेद तनाव की वजह बन सकते हैं। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था, तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है।

***कुंभ:*** खेलों और आउटडोर गतिविधियों में भागीदारी आपकी खोई ऊर्जा को फिर से इक_ा करने में आपकी मदद करेगी। आज आपको अपनी संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। इससे आपको काफी ख़ुशी होगी।

***मीन:*** आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीज़ों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। आर्थिक रूप से आज आप काफी मजबूत नजर आएंगे। पर भावनात्मक उथल-पुथल आपको परेशान कर सकती है।

# बची हुई खिचड़ी से बनाएं चटपटे पकौड़े

अगर आपके घर में खिचड़ी बच गई है और आप उसे दोबारा खाने की इच्छुक नहीं तो इससे आप बना सकते हैं गरमा-गरम टेस्टी पकौड़े। इस नए स्वाद के दीवाने हो जाएंगे आप और फिर कभी नहीं बचेगी खिचड़ी।



## सामग्री :

बची हुई खिचड़ी, 1/4 कप बेसन, 1/4 कप बारीक कटा प्याज, 1 टीस्पून अदरक का पेस्ट, 2 टीस्पून बारीक कटी हरी मिर्च, 2 टेबलस्पून बारीक कटा धनिया, नमक स्वादानुसार, 1 टीस्पून तिल, तलने के लिए तेल

## विधि :

- एक बोल में सारी सामग्री लेकर एकसाथ मिलाएं।
- इसके बाद इसे बॉल्स की शेप दें। आप चाहें तो अपने अनुसार इसे कोई भी शेप दे सकते हैं।
- कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें बॉल्स को सुनहरा होने तक तल लें।
- प्लेट पर एब्जॉर्बेंट पेपर बिछाएं। इस पर फ्राइड बॉल्स को निकालें।
- मसाला खिचड़ी बॉल्स को आप गरमागरम चाय और खट्टी-मीठी चटनी के साथ सर्व करें।

## शेफ टिप्स

इसकी स्टफिंग में कद्दूकस किया हुआ मॉजरेला चीज़ मिलाएं। इससे पकौड़े ज्यादा टेस्टी बनेंगे।


# शब्द सामर्थ्य- 141

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# सू-दोकू- 141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |